Roll No. ......................

21000 160/60/75/50

# DS-563-N

## December 2018

## B. Com. Vth Semester Examination

## INCOME TAX LAW AND PRACTICE

## (आयकर विधि एवं व्यवहार)

Time 3 Hours] [Max. Marks : Regular 85 / Private 100

[Min. Marks : Regular 28 / Private 33

**नोट : खण्ड अ, ब तथा स सभी नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है । प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें । सभी के लिये अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी । दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिये 60 मिनिट अतिरिक्त समय की अनुमति है ।**

**Section A, B and C are compulsory for all Regular and Private students. Please follow the instructions, given in each section. Marks distribution for all students are as shown in question paper. The blind candidates will be given 60 minutes extra time.**

**खण्ड अ : वस्तुनिष्ठ Section A : Objective** http://www.davvonline.com Regular 15×1=15/Private 15×1=15

1. वर्तमान में भारतीय आयकर अधिनियम लागू है : At present Indian Income Tax Act is applicable :
   (a) 1947 (b) 1961 (c) 1991 (d) 2015.

2. कृषि आय है :
   (अ) फसल को बेचने से आय (ब) बागवानी से आय
   (स) उपज को तैयार कर बेचने से आय (द) उपर्युक्त सभी ।
   Agricultural Income is :
   (a) Income from sale of crop (b) Income from nursery
   (c) Income from preparation of crop (d) All of above.

3. करमुक्त आयों का उल्लेख आयकर अधिनियम की किस धारा में किया गया है :
   (अ) धारा 10 (ब) धारा 80 C (स) धारा 13 (द) धारा 2 ।
   In which section of the Income Tax Act exempted incomes have been mentioned :
   (a) Sec. 10 (b) Sec. 80 C (c) Sec. 13 (d) Sec. 2.

4. यदि कर्मचारी को मकान 25 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्थान पर दिया गया है तो उसका मूल्यांकन होगा :
   (अ) वेतन का 10% (ब) वेतन का 15%
   (स) वेतन का 20% (द) वेतन का 7.5% ।
   Value of house provided to employee at a place population more than 25 lakhs :
   (a) 10% of salary http://www.davvonline.com (b) 15% of salary
   (c) 20% of salary (d) 7.5% of salary.

5. प्रमाणित प्राविडेण्ट फण्ड में जमा ब्याज करयोग्य होता है यदि वह :
   (अ) बैंक ब्याज से अधिक हो (ब) 10% से अधिक हो (स) 9.5% से अधिक हो (द) सम्पूर्ण राशि ।
   Interest credited to R. P. F. is taxable if it is more than :
   (a) Bank interest rate (b) 10% (c) 9.5% (d) Whole amount.

6. स्वयं के व्यापार के उपयोग में आने वाले मकान की आय होती है :
   (अ) शुद्ध लाभ की राशि (ब) उचित किराया
   (स) नगरपालिका मूल्य (द) शून्य ।
   Income from house for self business is :
   (a) Net profit amount (b) Fair rent
   (c) Municipal value (d) Nil.

7. वैज्ञानिक अनुसंधान पर पूंजीगत व्यय स्वीकृत होता है :
   (अ) 1/5 भाग (ब) 1/10 भाग (स) 1/6 भाग (द) सम्पूर्ण राशि ।
   Capital expenditure allowable on scientific research :
   (a) 1/5 (b) 1/10 (c) 1/6 (d) Whole amount.

8. हस्तान्तरण वर्ष 2017-18 का मुद्रा स्फीति सूचकांक है : Cost inflation income for the year 2017-18 is :
   (a) 100 (b) 711 (c) 1081 (d) 272.

P. T. O.

http://www.davvonline.com



9. अल्पकालीन पूंजी हानि पूरी की जा सकती है :
(अ) अल्पकालीन पूंजी लाभ से
(ब) दीर्घकालीन पूंजी लाभ से
(स) दोनों से
(द) अन्य किसी भी आय से ।
Short term capital loss can be set off from :
(a) Short term capital gain
(b) Long term capital gain
(c) Both of above
(d) Any other income.

10. व्यापार चिन्ह किराये से देने से आय है :
(अ) व्यापार की आय
(ब) अन्य साधनों से आय
(स) पूंजीगत प्राप्ति
(द) कोई नहीं ।
Income from betting out of trade mark is :
(a) Trade income
(b) Income from other sources
(c) Capital receipt
(d) None.

11. अवयस्क की आय शामिल की जाती है :
(अ) पिता की आय में
(ब) माता की आय में
(स) पिता या माता की आय में जिसकी आय ज्यादा हो
(द) माता और पिता दोनों की आय में ।
Minor's income is clubbed to :
(a) Father's income
(b) Mother's income
(c) Father's or Mother's income whichever is greater
(d) Both Mother's and Father's income.

12. प्रधान मंत्री राष्ट्रीय सहायता कोष में दान पर कटौती मिलती है :
Deduction allowed for donation to Prime Minister's Relief Fund :
(a) 50% (b) 100% (c) 10% (d) 80%.

13. बैंक में वित्तीय वर्ष में यदि ब्याज की रकम से अधिक हो तो कर की कटौती की जायेगी :
(अ) 5,000 रुपये (ब) 10,000 रुपये (स) 20,000 रुपये (द) 50,000 रुपये ।
Tax shall be deducted on bank interest if interest amount is in exesss of :
(a) Rs. 5,000 (b) Rs. 10,000 (c) Rs. 20,000 (d) Rs. 50,000.

14. व्यक्ति करदाता की अग्रिम कर की प्रथम देन तिथि है :
(अ) 15 जून (ब) 15 सितम्बर (स) 15 दिसम्बर (द) 15 मार्च ।
First due dates for advance tax of an individual assessee is :
(a) 15th June (b) 15th September (c) 15th December (d) 15th March.

15. कमिश्नर (अपील) के यहां अपील करने की अवधि है :
(अ) 7 दिन (ब) 15 दिन (स) 30 दिन (द) 60 दिन ।
Appeal can be produced to Commissioner Appeal with in :
(a) 7 days (b) 15 days (c) 30 days (d) 60 days.

**खण्ड ब : लघु उत्तरीय Section B : Short Answer** Regular 5×4=20/Private 5×5=25

1. भूमि से सम्बन्धित गैर कृषि आय के उदाहरण दीजिये ।
Give examples of non-agricultural income related to land. http://www.davvonline.com

अथवा OR

निवास स्थान का कर दायित्व पर प्रभाव बताइये ।
Show the impact of residential status on Tax Liability.

2. मकान किराया भत्ता पर टिप्पणी लिखिये ।
Write a note on House Rent Allowance.

अथवा OR

एक मकान का नगर पालिका मूल्य 10,000 रुपया वार्षिक है और यह मकान 1,000 रुपये मासिक पर किराये पर उठाया गया है और 3 माह के लिये खाली रहा है । वार्षिक मूल्य ज्ञात कीजिये ।
Municipal value of a house is Rs. 10,000 per annum while it is let out for at Rs. 1,000 per month and it was vacant for 3 months. Find out annual value.

3. अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन पूंजी सम्पत्ति को समझाइये ।
Explain short term and long term Capital Assets.

अथवा OR

अन्य साधनों के आय के कोई दस नाम लिखिये ।
Write any ten names of income from other sources.

4. सम्पत्तियों का खण्डनीय तथा अखण्डनीय हस्तान्तरण समझाइये ।
Explain revocable and irrevocable transfer of property.

अथवा OR

धारा 80 D के अन्तर्गत चिकित्सा बीमा प्रीमियम की कटौती पर टिप्पणी लिखिये ।
Write a note on deductions under section 80 D for medical insurance premium.

5. कोई आठ आय के नाम बताइये, जिन पर उद्‌गम स्थान पर कर काटा जाता है ।
Give the name any eight incomes on which tax is deducted at source.

अथवा OR

आयकर के अग्रिम भुगतान पर टिप्पणी लिखिये । http://www.davvonline.com
Write a short note on advance payment of tax.

**खण्ड स : दीर्घ उत्तरीय Section C : Long Answer** Regular 5×10=50/Private 5×12=60

1. भारत में आयकर के इतिहास का संक्षेप में वर्णन कीजिये ।
Describe in brief the history of Income Tax in India.

अथवा OR

श्री X जो कि भारतीय नागरिक हैं, की गत वर्ष 2017-18 की आयों का विवरण निम्न प्रकार है :
(1) जापान स्थित व्यापार का लाभ भारत में प्राप्त किया रूपये 1,00,000 ।
(2) बंगलादेश स्थित मकान सम्पत्ति से आय भारत मे प्राप्त की रुपये 1,000 ।
(3) श्रीलंका मे स्थित मकान सम्पत्ति से आय वहीं एक बैंक में जमा की रुपये 2,000 ।
(4) बर्मा में स्थापित व्यापार के लाभ वहीं एक बैंक में जमा किये, यह व्यापार भारत से नियंत्रित है । रुपये 2,000 ।
(5) भारत में उपार्जित परन्तु मलेशिया में प्राप्त । रुपये 4,000 ।
(6) इन्दौर मे व्यापार से लाभ रुपये 2,72,000 ।
(7) गत वर्ष के पूर्व की बिना कर लगी हुई विदेशी आय, जो गत वर्ष में भारत में लायी गयी । रुपये 15,000 ।
उपर्युक्त विवरण से श्री X की कर निर्धारण वर्ष 2018-19 की करयोग्य आय की गणना कीजिये । यदि वह (अ) साधारण निवासी (ब) असाधारण निवासी (स) अनिवासी है ।

The following are the particulars of Income of Mr. X (Indian Citizen) for the previous year 2017-18 :
(1) Profit from business in Japan received in India Rs. 1,00,000.
(2) Income from house property in Bangladesh received in India Rs. 1,000.
(3) Income from house property in Srilanka deposited in a bank there. Rs. 2,000.
(4) Profit from business in Burma deposited in a bank there. This business is controlled from India Rs. 2,000.
(5) Accrued in India but received in Malaysia Rs. 4,000. http://www.davvonline.com
(6) Profit from business in Indore Rs. 2,72,000.
(7) Part untaxed foreign income brought into India during the provious year Rs. 15,000.
From the above particulars compute the taxable income of Mr. X for the Assessment year 2018-19 if he is : (a) Ordinarily Resident (b) Not Ordinarily Resident (c) Non-Resident.

2. श्री आदित्य खण्डेलवाल 1 जनवरी, 2013 से जयपुर की एक कम्पनी में क्षेत्रीय प्रबंधक एवं संचालक के रूप में 8800–300–10000–500–16000 रुपये के वेतनमान में नियुक्त हुए । उन्हें वेतन का 10% महंगाई भत्ता, 150 रुपये प्रतिमाह, चिकित्सा भत्ता एवं 1,200 रुपये प्रतिमाह यातायात भत्ता भी मिलता है । कम्पनी और वह (प्रत्येक) वेतन का 12.50% प्रमाणित भविष्य निधि में जमा कराते हैं । गतवर्ष के उसके भविष्य निधि खाते में 12.5% वार्षिक की दर से 1,250 रुपये ब्याज के जमा हुए । वर्ष 2017-18 के लिये सेवा नियोजन कर 1,200 रुपये देय है, लेकिन नियोक्ता ने इस सम्बन्ध में कोई कटौती नही की है । कर निर्धारण वर्ष 2018-19 के लिये उनकी वेतन शीर्षक की करयोग्य आय ज्ञात कीजिये । वेतन अगले माह की पहली तारीख को देय होता है ।

Mr. Aditya Khandelwal was appointed as the divisional Manager and Director of a company at Jaipur on 1st January, 2013 in the pay scale of Rs. 8800–300–10000–500–16000. He also receives 10% of his pay as dearness allowance Rs. 150 as medical allowance and Rs. 1,200 per month transport allowance. He as well as the company contributes 12.50% of his pay to Recognised Provident Fund Interest credited during the previous year to his provident fund account @ 12.50% was Rs. 1,250. Tax on employment Rs. 1,200 due for the year 2017-18 but the employer has not deducted any amount in this respect. Comute his taxable income under salary head for Assessment Year 2018-19. Salary becomes due on first day of next month.

अथवा OR

श्री विमल गोखरू के पास तीन मकान हैं । इनका नगर पालिका मूल्यांकन क्रमशः 90,000 रुपये, 1,00,000 रुपये तथा 1,20,000 रुपये वार्षिक है । इन मकानों के निर्माण हेतु लिये गये ऋण का ब्याज क्रमशः 30,000 रुपये, 60,000 रुपये एवं 40,000 रुपये वार्षिक है । करदाता एवं उनका परिवार तीनों मकानों का उपयोग स्वयं के आवास हेतु करते हैं । आयकर की दृष्टि से उन्हें कौनसा मकान स्वयं के रहने के लिये चयन करना चाहिये ? तीनों मकान 1998 में बनकर तैयार हुए हैं । अपना परामर्श कर निर्धारण वर्ष 2018-19 के संदर्भ में दीजिये।

Mr. Vimal Gokharu has three houses. Those municipal valuations are Rs. 90,000, Rs. 1,00,000 and Rs. 1,20,000 respectively. Interest on loan taken for construction of there houses are Rs. 30,000, Rs. 60,000 and Rs. 40,000 per annuam. There houses have been used by assesse and his family members for their residence. Which house should be coose as a self residential house for income tax purpose ? The houses were completed in 1998. Give your advise in respect of Assessment Year 2018-19

3. दीर्घकालीन पूंजी लाभ तथा अल्पकालीन पूंजी लाभ में क्या अन्तर है, बताइये ? दीर्घकालीन पूंजी लाभ की गणना कैसे की जाती है ?

Distinguish between Long Term Capital Gains and Short Term Capital Gains. Discuss the procedure of computation of Long Term Capital Gains. http://www.davvonline.com

अथवा OR

निम्नलिखित जानकारी से अन्य साधनों से आय ज्ञात कीजिये :

(1) उपकिरायेदार से प्राप्त किराया 48,000 रुपये । मूल मकान स्वामी को चुकाया किराया 29,600 रुपये । मकान का नगर पालिका कर चुकाया 1,800 रुपये एवं बीमा प्रीमियम 400 रुपये चुकायी ।
(2) अंशों के विक्रय से लाभ 8,600 रुपये लाभांश 2,300 रुपये ।
(3) म्युचुअल फण्ड के यूनिटों से आय 3,900 रुपये ।
(4) टी. वी. पर प्रतियोगिता में इनाम 15,000 रुपये ।

अन्य साधनों से आय ज्ञात कीजिये ।

Compute the Income from other sources from the following details :

(1) Rent from sub-tenant Rs. 48,000 Rent paid Rs. 29,600 to original owner, Municipal Taxes Rs. 1,800 and Insurance premium Rs. 400 also paid.
(2) Profit from sale of shares Rs. 8,600 and dividend Rs. 2,300.
(3) Income from units of mutual funds Rs. 3,900.
(4) Prize from T. V. contest Rs. 15,000.

Compute income from other sources.

4. "किसी भी शीर्षक की चालू वर्ष की हानि अन्य किसी शीर्षक की आय से पूरी की जा सकती है ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिये एवं इसके अपवाद बताइये ।

The loss under one head of Income can be setoff against the income under other heads during the same assessment year. Explain the statement and state the exceptions.

अथवा OR

श्रीमती रंजना गोडबोले का वित्तीय वर्ष 2017-18 का विवरण निम्नानुसार है :

The following statement for the financial year 2017-18 of Mrs. Ranjana Godbole :

| | रुपये Rs. |
|---|---|
| वेतन Salary | 3,60,000 |
| पूंजी सम्पत्ति से लाभ (दीर्घकालीन) Profit from capital assets (long term) | 50,000 |
| रॉयल्टी से आय Income from Royalty http://www.davvonline.com | 16,000 |
| यू. टी. आइ. से लाभांश Dividend from UTI | 1,200 |
| देना बैंक में स्थायी जमा खाते पर ब्याज Fixed deposit interest from Dena Bank | 4,000 |
| इन्दौर में एक मकान का किराया चुकाया Rent paid for a house in Indore | 43,000 |

कर निर्धारण वर्ष 2018-19 में उनकी कुल आय एवं कर दायित्व ज्ञात कीजिये ।

Compute his total income and tax liability for assessment year 2018-19.

5. एक कम्पनी अपने प्रबन्धक को वर्ष 2018-19 में 1 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन देती है, उनके वेतन से प्राविडेण्ट फण्ड के लिये 15% कटौती की जाती है । चालू वित्तीय वर्ष के लिये उद्गम स्थान पर कर की कटौती की राशि ज्ञात कीजिये । व्यवसाय कर की राशि 2,500 रु. है ।

A company pays salary Rs. 1 lakh per month to its manager, during the year 2018-19 15% of salary is deducted for provident fund. Find out amount to be deducted at source as tax for the current financial year. Professional tax is Rs. 2,500.

अथवा OR

'सर्वोत्तम निर्णय कर निर्धारण' का क्या अर्थ है ? यह किन दशाओं में किया जाता है ? क्या ऐसे कर निर्धारण के विरूद्ध करदाताओं के पास कोई उपाय है ?

What is best Judgement Assessment ? In what circumstances can it be made ? Are there any remedies open to the assessee against such assessment ?